प्रभात
छिपाते नहीं, छापते
facebook-Subharti Tv Twitter-Subharti Tv
प्रभात बस 2 रुपये में पढ़िए और पढ़ाइए
www.subhartimedia.com लखनऊ, रविवार, 27 अक्टूबर 2019, मूल्य : 2.00, पृष्ठ : 12 उत्तर प्रदेश-उत्तराखंड से प्रकाशित
नेशनल क्रिकेट अकादमी को सुधारें गांगुली : लक्ष्मण पेज 11


# पर्यावरण संरक्षण व ओजोन परत संवर्धन का दिलाया संकल्प



ओजोन दिवस पर कार्यक्रम का शुभारंभ करते प्रो. भरत राज सिंह

लखनऊ-प्रभात

एमिटी विश्वविद्यालय के बायोटेक विभाग में ओज़ोन दिवस बडे धूमधाम से मनाया गया। विभाध्यक्ष डा. मंजू अग्रवाल डॉ. पूजा डा ज्योती प्रकाश डा रिचा आदि शिक्षकगण व लगभग 50 से अधिक की संख्या में छात्र-छात्राए उपस्थित हुये। इस अवसर पर मुख्य वक्ता डॉ.भरत राज सिंह (महानिदेशक, एसएमएस) ने बताया कि ओजोन परत मे छिद्र को ठीक करने और जलवायु की रक्षा के लिए तीन दशकों से पृथ्वी के चारों तरफ ओजोन परत की मोटाई बनाने मे सार्थक प्रयास किये जा रहे है जिससे लोगों के स्वास्थ को ठीक रखा जा सके और पृथ्वी को संरक्षित किया जा सके। हमे ज्ञात है कि रेफ्रिजरेटर, एयर.कंडीशनर और कई अन्य उत्पादों में 99 प्रतिशत ओजोन.क्षयकारी रसायनों का उपयोग हो रहा था, इसका अन्य विकल्प ढूढा गया और आगे भी प्रयास जारी है। 2018 के आकणो से यह जानकारी मिली कि 2000 के बाद से ओजोन परत के कुछ हिस्सों मे प्रति दशक 1.3: की दर से बढोत्तरी हुई है। उन्ह सभी लोगों व विशेषकर छात्र-छात्राओं को ओजोन परत के रिपेयर पर्यावरण संरक्षण हेतु और पृथ्वी को हरा.भरा रखने व स्वच्छता अभियान चलाने तथा सिंगल उपयोग की प्लास्टिक को बंद करने का जन.जागरण अभियान चलाकर लोगो को प्रोत्साहित करने का संकल्प दिलाया।